तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 4 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 विकसित भारत संकल्प यात्रा का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ : कटारिया



## खबर संक्षेप

### जांजगीर-चांपा जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में वर्ष 2024 के लिए तीन स्थानीय अवकाश की घोषणा कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा की गई है। जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति सोमवार 15 जनवरी, दशहरा (महानवमी) शुक्रवार 11 अक्टूबर और 01 नवम्बर दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) शुक्रवार को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंकों एवं कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है योजनाओं के एलईडी वैन

**जांजगीर-चांपा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन बुधवार को कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों तक में पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत केरा, देवरी, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत पुरेना, देवरी, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत मेऊ, रसोटा, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत सिलादेही, देवरानी, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम कोटमीसोनार एवं अकलतरी में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है।

### किसान सम्मान निधि स्व-पंजीयन का अप्रूवल करवाना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग में अनिवार्य रूप से अप्रूवल कराना अनिवार्य है, ताकि स्व-पंजीयन सक्रिय होकर योजनांतर्गत किस्त की राशि आना प्रारंभ हो जाये। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पात्र किसान द्वारा स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग ने अप्रूवल अनिवार्य रूप से कराया जाना है। इस हेतु अपने जमीन संबंधी दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ, अपने ग्राम में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। संबंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर आवेदक का योजनान्तर्गत पात्रता परीक्षण करेंगे तथा पात्र पाये जाने पर विकासखण्ड स्तर के पी.एम. किसान पोर्टल आई डी. में अप्रूवल हेतु समस्त दस्तावेज वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**डभरा।** चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार क़िया है। मामला डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम बघौद का है। मिली जानकारी के अनुसार शशिकुमार बंजारे उम्र 23 वर्ष एवं विजय कुमार मिरी उम्र 32 वर्ष दोनों कोटमी के साप्ताहिक बाजार में मोटरसायकल एचएफ डिलक्स सीजी 11 एएफ 5229 को चोरी करके उसे बेचने के फिराक में घुम रहे थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपियों से पहले पूछताछ शुरू की। इस दौरान आरोपी शशि कुमार बंजारे पिता केशव प्रसाद बंजारे एवं विजय कुमार मिरी पिता कृष्णा लाल ने बाइक की चोरी करना स्वीकार किया। इस मामले में दोनों आरोपियों को गिफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में डभरा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव एवं उनके स्टाफ का योगदान रहा। उक्त कार्रवाई जिले के पुलिस कप्तान एम.आर. आहिरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

### एक दूसरे को हटाने खोला मोर्चा, अविश्वास के लिए आवेदन

# नगर पालिका में मचा घमासान अध्यक्ष-उपाध्यक्ष आमने -सामने



नपा उपाध्यक्ष की शिकायत करने कलेक्टोरेट पहुंचे पार्षद।



पालिकाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने कलेक्टोरेट पहुंचे पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद जनपद व नगरीय निकायों में भी राजनीति गरमा गई है। नए साल के पहले ही दिन जहां पामगढ़ जनपद अध्यक्ष की कुर्सी छिन गई तो वहीं जिला मुख्यालय जांजगीर नगर पालिका में भी कुर्सी की जंग छिड़ गई है। कांग्रेस के अध्यक्ष और भाजपा के उपाध्यक्ष अपनी पार्टी के पार्षदों के साथ आमने सामने आ गए है। इस दौरान एक दूसरे को हटाने मोर्चा खोल दिया गया है।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला में अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल कांग्रेस से है तो वहीं उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी भाजपा के है। राज्य में कांग्रेस की सरकार रहते तो यहां सबकुछ ठीक रहा, लेकिन कांग्रेस की सत्ता जाते ही शहर सरकार पर भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं विभिन्न मुद्दों को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष और उनके साथी पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने विकास कार्यो में पक्षपात करने पालिका के कार्यो में अनावश्यक दखल के साथ अनियमितता और गड़बड़ी करने सहित गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है तथा इन सब मुद्दों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष को पद से हटाने अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन किया है। दूसरी ओर उपाध्यक्ष द्वारा की गई शिकायत के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष और उनके साथी पार्षदों ने भी उपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने उपाध्यक्ष की शिकायत कलेक्टर से करते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए है तथा उपाध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 25 सदस्यीय पालिका में चुनाव के समय में भाजपा और कांग्रेस के 11-11 पार्षद चुनकर आए थे तथा 3 निर्दलीय पार्षद रहे, तब अध्यक्ष कांग्रेस का बना और उपाध्यक्ष का पद टॉस में भाजपा के खाते में गया। वर्तमान में भाजपा के 2 पार्षद कांग्रेस में आ गए है। वहीं भाजपा पार्षदों की संख्या 9 है।

#### भ्रष्टाचार चरम पर

पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। अध्यक्ष जनहित के कार्यो को अनदेखी करते है। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। हमारी संख्या 9 है। बाकी लोग संपर्क में है।

**-आशुतोष गोस्वामी,**
नपा उपाध्यक्ष जांजगीर नैला

#### विकास कार्यो में रोड़ा

शहर में हो रहे विकास कार्यो पर रोड़ा अटकाने का काम भाजपा वाले कर रहे है। दरअसल अवैध प्लाटिंग पर हमने रोक दिया है। जिसके कारण उन्हें तकलीफ हो रही है।

**-भगवान दास गढ़ेवाल,**
अध्यक्ष, नपा जांजगीर नैला

# ट्रैक्टर एवं बाइक की आपस में टक्कर, मासूम बच्ची की मौत

### शिवरीनारायण क्षेत्र के देवरी मोड की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ट्रैक्टर एवं बाइक की आपस में टक्कर हो गई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में सवार एक बच्ची की मौत हो गई। वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच मौका देख ट्रैक्टर का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। घटना शिवरीनारायण क्षेत्र के देवरी मोड की है।

घटना के संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 3 जनवरी की है। नगर पंचायत शिवरीनारायण निवासी भूपेंद्र सारथी अपनी पत्नी संतोषी सारथी 2 साल की मासूम बेटी पूर्णिमा एवं अपने साले संतोष सारथी को लेकर किसी काम से शिवरीनारायण से बिलासपुर जा रहे थे, वह अभी देवरी मोड़ के पास ही पहुंचे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक में तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घायलों को पहले प्राथमिक उपचार उपरांत खरौद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच डॉक्टर ने 2 साल की मासूम बेटी पूर्णिमा सारथी को मृत घोषित कर दिया। वही तीन अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। वह मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इस बीच ट्रैक्टर का चालक मौका देखकर फरार हो गया था। जिसकी पतासाजी में पुलिस टीम जुट गई है। वही ट्रैक्टर को जब्तकर थाने में रखा गया है। पुलिस ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी गई है। वही मृत बच्ची के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर परिजनों को सौंप दिया गया।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन। फाईल फोटो

#### 3 दिन के भीतर ही हादसे में पांच लोगों की मौत

जनवरी 2024 के शुरुआत सोमवार 1 जनवरी से ही सड़क हादसे बढ़ रहे हैं नए साल का उत्साह मनाने बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम लवसरा निवासी चर्तुमन साहू एवं रवि कंवर सहित कुल 6 लोग फोर व्हीलर में सवार होकर नगर पंचायत बाराद्वार आए थे। इस बीच नए साल का जश्न मना कर अपने गृह ग्राम लवसरा लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई। घटना में चर्तुमन साहू एवं रवि कंवर की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी प्रकार ग्राम रगजा के पास जयंती पटेल, हरि बरेठ एवं भारती महंत तीन लोग जयंती पटेल के बर्थडे पार्टी मनाने गए थे। इस बीच घर वापस लौट रहे थे तभी स्कार्पियो वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। इस बीच उपचार के दौरान भारती महंत ने दम तोड़ दिया।

# मादक पदार्थ के साथ महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार



गांजा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

चांपा के रानी रोड के पास एक महिला को मादक पदार्थ के साथ पुलिस ने पकड़ा है। उसके कब्जे से 2 सौ ग्राम गांजा को जब्त कर लिया है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री पर अंकुश लाने के लिए सायबर टीम व चांपा पुलिस द्वारा थाना स्तर से टीम गठित किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार 2 जनवरी को मुखबिर सूचना मिला कि रानीरोड़ चांपा के पास में एक महिला मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए रखा है। छापेमारी कार्रवाई के दौरान पीरो बाई देवांगन निवासी रानीरोड चांपा को पकडे जिसके कब्जे से 200 ग्राम गांजा कीमती 2 हजार को जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 630 रुपए बताई जा रही है। आरोपीया के विरुद्ध धारा 20(बी), एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाए जाने से थाना चांपा में कायम किया जाकर विवेचना कार्यवाही में लिया जाकर आरोपीया के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 3 जनवरी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सायबर टीम से निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी, थाना चांपा से निरीक्षक मनीष सिंह परिहार एसआई बी एस डहरिया, प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह, सायबर टीम जांजगीर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल थाना चांपा का सराहनीय योगदान रहा।

### महिला पतंजलि योग समिति ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शारदा मंदिर परिसर में 1 जनवरी को गायत्री मंत्रोच्चार के साथ दीप यज्ञ कर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिला महिला प्रभारी श्रीमति मनीषा गोपाल ने कहा दीप यज्ञ से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिला महामंत्री चमेली साहू के नेतृत्व में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ तथा उनके द्वारा राम आयेंगे आयेंगे राम आयेंगे गीत की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।तथा समिति के महिलाओ ने आगामी 22 जनवरी को श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में राम लला के विराजित होने पर विराट रूप में स्वागत उत्सव के लिए अक्षत पुष्प देकर निमंत्रण दिया गया।

### ठंड से बचने अलाव का सहारा..



**जांजगीर-चांपा।** मौसम साफ होते ही ठंड बढ़ने लगी है। अब ऐसे में लोग अलाव का सहारा ले रहे है। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स 7 से

**सक्ती।** 19वी राष्ट्रीय इंटर डिस्टिक्स जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशीप के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता 7 जनवरी को मिनी स्टेडियम टेमर (सक्ती) में आयोजन किया जावेगा। जिले के समस्त एथलेटिक्स खिलाडी जिनकी आयु (उम्र) 16 वर्ष से कम हो शामिल हो सकते है, उपरोक्त जानकारी देते हुए संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल शक्ति ने बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी रजिस्ट्रेशन हेतु आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, ई-मेल आई डी, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से साथ लायेंगें। एथलेटिक्स यूआईडी के अभाव में रजिस्ट्रेशन नही होगा। अण्डर 14 बालक/बालिका ट्रीथलान ए.बी.सी. 60 मी. दौड, लम्बी कूद, गोला फेंक, 600 मी. दौड कीड जेवलिन । अण्डर 16 बालक-बालिका टीथलान ए.बी.सी. 60 मी. दौड, 80 मी. हर्डल, 600 मी. दौड, हाई जम्प, लांग जम्प गोला फेंक, जेवलिन थ्रो । अण्डर 16 बालक-बालिका पेंटाथलान 60 मी दौड़, 80 मी. हर्डल, लांग जम्प, शॉट पुट 600 मी. दौड। अधिक जानकारी एवं एथलेटिक्स यूआईडी के लिए जिला एथलेटिक्स के सचिव एन.पी. गोपाल अथवा संयुक्त सचिव धनेश पटेल से संपर्क कर सकते है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 7 जनवरी को मिनी स्टेडियम टेमर (सक्ती) में आयोजन किया जावेगा।

# शाखा प्रबंधक व बैंक कर्मचारियों पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह



जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सदस्य ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिवनी में वर्ष 2022-23 में मृत व्यक्ति के नाम पर केसीसी जारी कर बैंक से आहरण के संबंध में बैंक एवं कर्मचारियों व शाखा प्रबंधकबके विरूद्ध आज तक कार्यवाही नहीं होने के संबंध में कार्यवाही मांग कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत की गयी हैं। अपने शिकायत में जिला पंचायत सदस्यता उमा राजेन्द्र राठौर ने बताया कि कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जांजगीर ने अपने जाँच प्रतिवेदन में बैंक के कर्मचारी खिखेंद्र कुमार पटेल कैशियर, अनुपमा तिवारी कैशियर, लिपिक योगेश राठौर, प्रभा दुबे भृत्य कर्मचारियों को नाम सहित दोषी माना है और शाखा प्रबंधक रश्मि गुप्ता के विरूद्ध नियमानुसार जाँच संस्थित किये जाने का लेख किया है। फिर भी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर छ.ग. द्वारा उनके उपर कोई कार्यवाही नहीं होना प्रश्न चिन्ह लगता है। इसके पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर छ.ग. को पूर्व में शिकायत किया गया था, जिस पर उनके द्वारा तत्संबंध में 26 अक्टूबर 2023 में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा चाम्पा में उपस्थित होकर उक्त प्रकरण से संबंधित व्यक्तियों को आपके कार्यालय द्वारा नोटिस जारी कर बयान एवं दस्तावेज लिया गया था, जिस पर आपके कार्यालय द्वारा आज दिनांक तक बैंक एवं संबंधित दोषी कर्मचारियों के प्रति आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है न ही शिकायतकर्ता को आज दिनांक तक जाँच प्रतिवेदन की कॉपी नहीं दी गई है। इस संबंध में कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए।

### पंजीकृत 1 लाख 21 हजार में से 65 हजार 433 कृषक अब तक नही बेच पाए धान

# धान खरीदी महज 35 फीसदी, आने वाले दिनों में बढ़ेगी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



उपार्जन केन्द्र में पड़ा धान।

समर्थन मुल्य पर धान खरीदी को शुरू हुए दो माह बीत चुके है। इसके बाद भी धान खरीदी के कार्यो मे तेजी नही आ पाई है। स्थिती यह है कि 1 लाख 21 हजार पंजीकृत किसानो में से महज 55 हजार 567 किसान ही धान बेच पाए है। वही 65 हजार से अधिक किसान अभी उपार्जन केन्द्रों तक नही पहुंच सके है। ऐसे में आने वाले दिनो में समय की कमी के चलते धान बेचने वाले किसानो की दिक्कते बढ सकती है।

गौरतलब है कि नवम्बर महीने के शुरूआत से ही प्रदेश के साथ साथ जांजगीर चाम्पा जिले में भी समर्थन मुल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की गई है। खास बात यह है कि इसी अवधि के दौरान जांजगीर चाम्पा जिले में जहां करीब 70 फिसदी धान की खरीदी की जा चुकी थी। वही इस साल यह आंकडा महज 35 फिसदी पर ही आकर रूक गया है। स्थिती यह है कि धान बेचने जांजगीर जिले के करीब 1 लाख 21 हजार से अधिक किसानो ने सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से धान बेचने पंजीयन कराया उनमें से महज 55 हजार 567 किसान ही समर्थन मुल्य पर धान बेच पाए है। वही अभी 65 हजार 433 किसान समर्थन मुल्य पर धान नही बेच पाए है। वर्तमान समय में 2 हजार 1 हजार सौ 83 रूपए के हिसाब से पर क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जांजगीर चाम्पा जिले में इस साल अब तक 2 लाख 49 हजार 972 मिट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। इनमें 2 लाख 23 हजार 166 मिट्रिक टन धान का उठाव समितियो से पूरा कर लिया गया है। वही अभी 1 लाख 7 हजार 440 मैट्रिक टन धान का उठाव उपार्जन केन्द्रों से पूरा किया जाना है। 55 लाख क्विंटल धान खरीदी का जो टारगेट रखा गया है। उसके मुताबिक अभी महज 35 फीसदी धान की खरीदी हो पाई।

#### चल रही धान खरीदी

जिले के 55 हजार 567 पंजीकृत किसानो द्वारा 2 लाख 49 हजार 972मैट्रिक टन धान बिक्री की गई है। जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसके हिसाब से 35 फीसदी धान खरीदी पूरी कर ली गई है। वही धान का उठाव कराने पर भी जोर दिया जा रहा है।

**-गजेन्द्र राठौर,**
डीएमओ, विपणन कार्यालय जांजगीर

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## कल्याणपुर एवं रसेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**अकलतरा** विधानसभा क्षेत्र अकलतरा के ग्राम - कल्याणपुर एवं रसेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सांसद गुहाराम अजगल्ले के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सांसद गुहाराम अजगळे ने मोदी सरकार की गारंटी, लाभार्थियों तक योजनाओ की शत प्रतिशत पहुंच के सम्बन्ध में अवगत किया। प्रधानमंत्री आवास प्राप्त किये लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये और स्वस्थ बच्चों को पोषण आहार की टोकरी प्रदान किये और उज्जवला योजना अंतर्गत हितग्राहियों को गैस सिलेंडर के साथ गैस चुल्हा बितरण किये। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मे भारत देश को विकसित देश बनाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम में जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू, सरपंच रसेड़ा श्रीमती गीता ओगरे, सरपंच कल्याणपुर श्रीमती लता लहरे, जनपद सदस्य श्रीमती बिशन सिंह मरकाम,विनोद निर्मलकर, भगदन सिंह राज, मनोज निर्मलकर, भाजपा नेता रमाकांत गुप्ता ,शत्रुहन निर्मलकर सहित सैकड़ों ग्राम वाशी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम आयोजक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अकलतरा, कृषि विभाग, महिला बाल विकास बिभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थित कार्यक्रम आयोजन के लिये, सांसद अजगल्ले ने प्रशंसा की।



## परमात्मा भी सांसारिक चुनौतियों से बच नहीं पाए : पंडित दुबे

**गोधना**। आदर्श ग्राम गोधना के अटल चौक में जय शबरी दाई महिला स्व सहायता समूह गोधना के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है। व्यास आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे द्वारा श्रीमद् भागवत गीता कथा का रसपान ग्रामीणों को कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कहता है, आप कोई भी हों, संसार में आए हैं, तो जब तक जीवन है, आपको संघर्ष करना ही होगा। वे चाहे श्रीकृष्ण हों या पुरुषोत्तम श्रीराम, मानव अवतार लेकर परमात्मा भी सांसारिक चुनौतियों से बच नहीं पाए। लेकिन, श्रीकृष्ण ने कभी किसी बात की शिकायत नहीं की। हर परिस्थिति को जिया और जीता। कथा श्रवण हेतु ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं।

## जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**जांजगीर-चांपा**। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में डिप्टी कलेक्टर वहीदुर्रहमान शाह ने सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन के माध्यम से आमनागरिको की समस्याएं सुनी। डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में जांजगीर मुख्यालय के चंदनियापारा के शिुपाल यादव द्वारा बेजा कब्जा हटवाने, ग्राम डुड़गा निवासी श्यामलाल द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने के आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही अन्य आवेदको द्वारा पट्टा दिलाने, मुआवजा दिलाने, आर्थिक सहायता, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, विधवा पेंशन संबंधी कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए।

**निधन**

### गोदावरी यादव

**डोंगाकोहरौद**। ग्राम पंचायत भिलौनी की प्रतिष्ठित महिला गोदावरी यादव का 95 वर्ष की आयु में 26 दिसंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे 5 पुत्र रंगनाथ , सिधराम, नितराम, रामचरण रामझूल यादव सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु समेत गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

**जांजगीर-चांपा**। सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के बलिदान की स्मृति में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्र 1 जांजगीर में किया गया। क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप, पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सभापति रामबिलास राठौर, पार्षद विक्की सिंह, अविनाशलाल शामिल हुए। इस अवसर पर बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की जीवनी का इंटरेक्टिव बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संयोजन जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेमलाल पांडेय एवं संचालन एनसीसी अधिकारी दिनेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

### सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन, लिए 1057 आवेदन

# चलचित्र दिखाकर शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में समस्त निकायों में विशेष शिविर आयोजित कर भारत सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाया गया है।

इस अनुक्रम में भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के फ्लैगशिप योजना ''प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना'' के संभावित शहरी पथ विक्रेताओं के आनलाईन आवेदन तैयार कर इन्हें बैंकों से स्वीकृति प्रदान कराकर ऋण वितरण के माध्यम से पथ विक्रेताओं के आनलाईन आवेदन तैयार कर इन्हें बैंको से स्वीकृति प्रदान कराकर ऋण वितरण के माध्यम से पथ विक्रेताओं को शिविर के दौरान लाभांवित किया गया। शिविर हेतु संलग्न लक्ष्य अनुसार नवीन हितग्राहियों का आवेदन पत्र एवं ऋण की स्वीकृति एवं ऋण वितरण की कार्यवाही कराते हुये ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' हेतु प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने विभागवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। योजना क्रियान्वयन हेतु निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। 2 जनवरी को सामुदायिक भवन सक्ती में कैम्प के आयोजन किया गया। उक्त शिविर में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, उज्जवला योजना में 270, महिला एवं बाल विकास 07, आयुष्मान कार्ड में 57, प्रधानमंत्री आवास योजना 184 , लोक सेवा केन्द्र (जन्म, मृत्यु, राशनकार्ड, गुमास्ता, विवाह पंजीयन) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 270, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 43, कुल एवं अन्य योजनाओं से 1057 आवेदन लिया गया। भारत संकल्प यात्रा बस के माध्यम से चलचित्र दिखाकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, संजय रामचंद्र, राम अवतार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राम नरेश यादव, धनंजय नामदेव, चेतन साहू, दादू राम केवट ,चितरंजन पटेल, गोविंद देवांगन,गोविंद निराला, रंजन सिन्हा, चेतन साहू, मोतीलाल देवांगन, सूरज देवांगन रिकी सेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इब्राहिम खान एवं आभार प्रदर्शन संजय सिंह ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारी वैभव चौबे ,सायन शुक्ला, केसरी द्विवेदी, वीरेंद्र आचार्य, वेद जायसवाल, विजय सोनवानी, रोहिणी केवट, रामरेश यादव, आदि कर्मचारी गण उपस्थित थे।



हितग्राहियों को योजनों से लाभान्वित करते अतिथि।

## डबल इंजन की सरकार से होगा दोगुनी रफ्तार से विकास

**बाराद्वार**। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पंचायत नया बाराद्वार के भीमराव अंबेडकर सभागार परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गुहाराम अजगले उपस्थित थे। शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वनिधि, आवास, उज्ज्वला, किसान सम्मान सहित स्वास्थ्य परीक्षण का स्टाल लगाया गया था, जिसमें पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए गए।

मुख्य अतिथि सांसद गुहाराम अजगले के द्वारा सर्वप्रथम संकल्प रथ का पूजन किया गया उसके पश्चात सभी स्टालों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद गुहाराम अजगले का सीएमओ शिव कुमार यादव, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी एवं पार्षदों तथा उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा पुष्प हार से स्वागत किया गया। सांसद गुहाराम अजगले के द्वारा उपस्थित जनसमुदाय सहित अधिकारी, कर्मचारियों के साथ सामूहिक संकल्प पत्र का वचन लिया गया। इसके पश्चात उज्ज्वला योजना के दस हितग्राहियों को गैस सिलेंडर तथा चूल्हा, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तीन हितग्राहियों को दस हजार रुपए के आवंटन पत्र सौंपा गया। बाराद्वार हल्का पटवारी को डिजिटल इंडिया के तहत 99 प्रतिशत कार्य पुर्ण करने पर हल्का पटवारी भूवनेश्वर राठौर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी कहानी अपनी जुबानी साझा किए। शिविर को भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश सिंघानिया ने केंद्र की मोदी सरकार के अनेकों ऐतिहासिक फैसले तथा जन लाभार्थी योजनाओं को बताया। सभी अधिकारी, कर्मचारियों पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ अवश्य दिलाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हर वर्ग के उत्थान के लिए योजना बनाई गई है राज्य की भाजपा सरकार के द्वारा भी पहले ही दिन आवास योजना पर मुहर लगा दी है साथ ही आयुष्मान योजना से होने बीपीएल हितग्राहियों के ईलाज की राशि दस लाख होने वाली है। अब डबल इंजन की सरकार से हमारा छत्तीसगढ़ दोगुनी रफ्तार से विकास के पथ पर अग्रसर होगा। शिविर को संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन विनय मिश्रा तथा नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष एवं मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर ने किया। आभार प्रदर्शन सीएमओ शिव कुमार यादव ने किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में कुछ अट्ठारह सौ ग्यारह आवेदन पत्र विभिन्न योजनाओं से नगर पंचायत को प्राप्त हुए। इस अवसर पर पार्षद नारायण कुर्रे, मेंगनू भैना, अजय सिंह राजपूत, पंकज सांवड़िया, ओमप्रकाश कुर्रे, सीएमओ शिव कुमार यादव, इंजिनियर निखिल जोशी, जिला प्रवक्ता रमेश सिंघानिया, मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष जयकिशन केडिया, अंजनी जिंदल, सहित नगरवासी एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।



## अखबार वितरक बीमा व पेंशन का उठा सकते हैं लाभ

**जांजगीर-चांपा**। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला जांजगीर-चांपा द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर शहर के नेताजी चौक पर केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के जिला अध्यक्ष बजरंग यादव ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा जारी ई-श्रम पोर्टल जारी किया गया है जिसमें अखबार वितरकों के लिए भी असंगठित मजदूर के रूप में बीमा पेंशन, अन्य श्रम कल्याण योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए स्वयं या अन्य अखबार वितरकों को प्रेरित करपंजीयन जल्द से जल्द कराए ताकि प्रदेश व केंद्रीय शासन द्वारा घोषित योजनाओं का लाभ अखबार वितरकों को मिल सके। धन्यवाद ज्ञापन छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष बजरंग यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के उत्तम राठौर, सुरेश देवांगन, अनिल राठौर, अमित नामदेव, गिरीश धीवर, मनीष धीवर, सुदर्शन सोमू यादव कृष्ण यादव, अमित राठौर, पप्पू राठौर, परमानंद राठौर, भरत, यशवंत, मनाश, हर्ष, पकंज, मनीष धीवर, प्रकाश, दुर्गेश, सुरेंद्र, चन्दन, आंनद , चेतन, अजय , देवेश , आदि उपस्थित थे।



## शासन की योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभान्वित

**तुस्मा**। शासकीय हाई स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल लगायागया, जिसमे ग्राम स्तर से लेकर जनपद स्तर तक के सभी वर्ग के अधिकारी और कर्मचारी मौजुद रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी व्यक्ति किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है उसको योजना के संबंध में जानकारी अवगत कराना एवं उसे योजना से संबंधित लाभ दिलाना है। केंद्र एवं राज्य से संबंधित योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिले। इसी लिए डोर टू डोर गांव से लेकर शहरी क्षेत्र में भी जन चौपाल लगा कर योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल में आयोजित शिविर में नवागढ़ शिक्षा अधिकारी, तुस्मा सरपंच कोमल प्रसाद पटेल, श्रीमती सरिता धन्नू साहू, हाई स्कूल प्राचार्या श्याम सुंदर साहू, शैक्षिक समन्वय रोहित पटेल, शिक्षक सुशील टंडन,भूधर पटेल मौजूद रहे।

## पीएम आवास के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित

**पामगढ़**। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मंगलवार को पामगढ़ में आयोजित शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से संबंधित लाभ दिया जा रहा है। शिविर में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा देश को विकसित करने के लिए जो जो कार्य किये जा रहे हैं उनके संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य लाभ, गरीबों को पक्का मकान, महिलाओं को उज्ज्वला योजना से धुआं मुक्त रसोई गैस का लाभ गरीबों को मुफ्त राशन की सुविधा, घर-घर तक नल जल योजना का लाभ आदि के संबंध में लाभान्वित करने की बात कहीं। शिविर में स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, संतोष लहरे भाजपा प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष व्यास वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार तंबोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती बुनकर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक, सरपंच तेरस राम यादव, दिनेश थवाईत, सुखसागर ओगरे, सोनू गांधी, ओम प्रकाश राठौर, बसंत यादव, शरद शर्मा, अशोक ठाकुर, तेरस टंडन, लकेश यादव, शकुन साहू, दिनेश यादव, प्यारेलाल सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी ग्रामवासी उपस्थित थे।



## आयुष चिकित्सा पंचक्रम से दूर होती है शारीरिक परेशानियां : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

जिला स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन विगत 30 दिसंबर शनिवार को ब्लॉक नवागढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर अमोरा में आयोजित किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रकाश सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 765 मरीज लाभान्वित हुए। जिसमें ज्वर, कास, स्वास, संधिवात, आमवात, गठिया वात उदर रोग मधुमेह बवासीर स्त्री रोग बाल रोग चर्म रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित अनेक प्रकार की बीमारियों का इलाज किया गया। रोग प्रतिरोधक क्षमता वर्धक 520 लोगों को काढ़ा का वितरण 54 लोगों का होम्योपैथी चिकित्सा प्रदान किया गया, 285 मरीजों के रक्त जांच की गई, जिसमे 28 मधुमेह, 37 उच्च रक्तचाप के मरीजो का पहचान किया गया। स्वास्थ्य मेला में मुख्य अतिथि के रूप विधायक जांजगीर चांपा व्यास कश्यप ने स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा पंचक्रम से शारीरिक परेशानियां दूर होती है। इस अवसर पर सरपंच अमोरा शिव चरण प्रधान ने स्वास्थ्य शिविर आयोजन पर सभी चिकित्सको का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सकगण, स्टॉफ, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

■ स्वास्थ्य मेला में कुल 765 मरीज हुए लाभान्वित



शिविर में उपचार कराते ग्रामीण।

# समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण

**सक्ती**। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुवे उनका तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने इसके अंतर्गत शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एलईडी वैन के माध्यम से जागरूकता लाने तथा विभिन्न विभागो द्वारा चिन्हांकित शिविर स्थल पर स्टाल लगाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओ का क्रियान्वयन करने वाले सभी विभाग प्रमुखों को प्रतिदिन चिन्हांकित शिविर स्थल पर स्टाल लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत सभी आवश्यक ऑनलाइन एंट्री निर्धारित समय पर किए जाने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियो को जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं की जानकारी लोगो तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचाने, लाभान्वित कराने व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फील्ड में पूरी निष्ठा से कार्य करने कहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले के दसवी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों की कराई जा रही तैयारियों के विषय में जानकारी ली और बच्चो के नियमित टेस्ट लेते हुवे बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी कराए जाने कहा। उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत लगाए जा रहे शिविर की अद्यतन जानकारी लेते हुए आमजन के हित में शिविर आयोजन की जानकारी के लिए संबंधित गावो में जमीनी स्तर पर मुनादी कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियो को जिले के छात्रावासो का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण कार्य, भू अर्जन के प्रकरण, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्य, समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, सहित अन्य राजस्व कार्यों व विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर व एसडीएम सुश्री दिव्या अग्रवाल, सर्व एसडीएम सहित सभी विभागो के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## सेवानिवृत्त होने पर सहायक ग्रेड-3 को दी गई विदाई


**बाराद्वार**। नगर पंचायत बाराद्वार के सभाकक्ष में दानीराम साहू सहायक ग्रेड-3 के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सर्वप्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, सीएमओ शिव कुमार यादव के द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ,शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पश्चात सभी पार्षदों, पूर्व एल्डरमैन तथा नगर पंचायत के कर्मचारीयों के द्वारा तिलक तथा पुष्प हार से उनका अभिनंदन किया गया। दानीराम साहू 37 साल के सेवा अवधि में से लगभग 21 वर्षों तक उन्होंने अपनी सेवाएं नगर पंचायत बाराद्वार में ही दी इसलिए उनका नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,सभी पार्षदों सहित कर्मचारियों से अधिक लगाव था।इस अवसर पर इंजिनियर निखिल जोशी, पार्षद नारायण कुर्रे, मेंगनू भैना, अजय सिंह राजपूत, पंकज सांवड़िया, अनिल यादव, श्रीमती रुपा यादव, पूर्व एल्डरमैन रामावतार अग्रवाल, कल्पना साहू, अंकित सेन,नगर पंचायत कर्मचारी सुनिता साहू,मंगलू यादव, संतोष साहू,सोनू, दीपक साहू,विनय सिंह, सफाई मित्र सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन सीएमओ शिव कुमार यादव ने किया।



















## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




मुंबई। पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



# नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

**मुंबई।** 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

लाइफStyle

# अदिति

## सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बीच किनारे चिल करती दिखीं

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।




# पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



# इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुई ट्रोल...

**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



# करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

**मुंबई।** एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

## टीवी मसाला

# पलक की पर्सनल चैट लीक

**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी के साथ सोशल मीडिया स्टार ऑरी ने अपनी पर्सनल चैट लीक की है। इस चैट को देखकर सब हैरान हो गए हैं क्योंकि ओरी ने इसमें एक्ट्रेस पलक को मिडिल फिंगर दिखाई है। ऑरी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्वेता तिवारी की बेटी पलक के साथ अपनी चैट का ऐसा स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसे देखकर सब हैरान हैं। ओरी ने मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें पलक का मैसेज कर रही हैं कि ऑरी, पलक बोल रही हूं। क्या तुम्हें माफी चाहिए। ऑरी फिर उन्हें मिडिल फिंगर वाला इमोजी भेजते हैं। पलक जवाब देती हैं सारा की रिस्पेक्ट की वजह से मैं बोल रही हूं। इस पर ऑरी कहते हैं नहीं बेब, मुझे माफ कर दो। या तो आप सेल्फ रिस्पेक्ट के कारण माफी मांगो क्योंकि आपको पता नहीं कैसे बात करनी चाहिए। पलक का आखिर में मैसेज होता है मैंने माफी मांग ली है।



## मनोरंजन से भरपूर होगा पूरा महीना

# जनवरी में रिलीज हो रहीं ये बड़ी फिल्में, पहली बार साथ दिखेंगे विजय व कैट

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे। फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। दोनों सितारों के प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।





### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।

*ये 2 फिल्में भी चर्चा में : रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की फिल्म 'लाल सलाम' 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। ऐश्वर्या ने फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रजनीकांत इसमें कैमियो करने वाले हैं। उधर महेश बाबू भी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को लेकर आ रहे हैं।*

### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ बालिका स्पर्धा का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में " स्वस्थ बालिका स्पर्धा" कराया जा रहा है। जिसमे प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए सुपोषण टोकरी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। अब तक 137 ग्राम पंचायतों के 411 बालिकाओं को पुरस्कृत किया जा चुका है। अनिता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इसके उद्देश्यों के बारे में बताया गया कि बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति परिवार एवं समाज को जागरूक करना बेटियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाना ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके क्योंकि बेटियाँ ही समाज का आधार है।

### निर्वाचन पदाधिकारी ने ली लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की वीडियो क्रॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा कंगाले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली और साथ ही निर्वाचन से संबंधित निर्देश भी दिए। इस दौरान लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण काम को समयबद्ध रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्राप्त दावा-आपत्तियों को प्राप्त किया जाएगा तथा 8 फरवरी 2024 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा।

### तहसील कार्यालय में किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**तुस्मा।** शिवरीनारायण तहसील कार्यालय में आज तहसीलदार अश्वनी चंद्रा और नायब तहसीलदार कुणाल पांडे द्वारा वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। वार्षिक कैलेंडर के विमोचन होने से सभी अधिकारी,कर्मचारी को माह में होने वाले तीज त्यौहार और अवकाश से संबंधित जानकारी प्राप्त होती है ताकि सभी अधिकारी माह में होने वाली आवश्यक तीज त्योहार के संबंध में पहली से ही दिशा निर्देश जारी कर सके। साथ ही वार्षिक कैलेंडर विमोचन करते हुए अश्वनी चंद्रा ने सामान्य अवकाश,ऐक्षिक अवकाश स्थानीय अवकाश के संबंध में जानकारी नगर के लोगों को दे सके। इस बीच तहसीलदार अश्वनी चंद्रा,नायब तहसीलदार कुणाल पांडे,राजस्व निरीक्षक किशोर सिदार पटवारी मोहन बनर्जी,रीडर अरविंद यादव,रीडर श्वेता सोनी महेंद्र कौशिक निर्वाचन शाखा रामेश्वर प्रसाद कश्यप प्रोसेस सर्वर,पंकज कुमार खुंटले भृत्य शिव बालक दास,भृत्य श्रीमती हेमलता जांगड़े मौजुद रहे।

### समारोह में अतिथियों का किया गया सम्मान

**किरारी।** शा उ मा वि किरारी में सम्मान समारोह का आयोजन कक्षा बारहवी के छात्र छात्राओं ने रखा। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में अध्ययनरत आशीष पुरी गोस्वामी को पेन-डायरी व प्रतीक चिन्ह ,पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित वैभव साहू,मनीष सिंह, निशा कश्यप, युवराज चौहान व बृहस्पति कश्यप ने किया। स्वागत गीत सीमा मरावी ने प्रस्तुत किया। आशीष पुरी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कोई परीक्षा कठिन नहीं होती है, यदि हम ठान ले तो सब सरल हो जाता है। मैने ठान लिया था तभी चयन होने में पांच वर्ष लग गया आखिरकार मेरा चयन हुआ। अपने अनुभव को प्रश्न उत्तर शैली में व्यक्त करते हुए प्रेरित किया। छात्र छात्राओं प्रेरणा लेकर आतिथ्य स्वीकार करने के लिए आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अरविन्द कुमार कश्यप व्याख्याता ने आभार प्रदर्शन वैभव साहू शाला नायक ने व अध्यक्षता शशिकांत दीवान प्राचार्य ने किया ।

## 26 जनवरी को लेकर अपर कलेक्टर ने ली बैठक

# गणतंत्र दिवस समारोह पर शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर फहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अधिकारियों की बैठक लेते अपर कलेक्टर।

गणतंत्र दिवस पर जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसे लेकर अपर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली और दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही विभागीय उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन हेतु सम्मानित किये जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को किये जाने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले में 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक अपर कलेक्टर एसपी वैद्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियां करने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्ध सैनिक बलों, पुलिस एवं नगर सेना की टुकडियों द्वारा सलामी दी जायेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन इत्यादि विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने के लिए पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वच्छता कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों, कार्यालयों और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी, साथ ही सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने मुख्य समारोह के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, समारोह स्थल एवं नगर की साफ-सफाई मुख्य मंच की सजावट, विद्युत एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, गुब्बारे, प्रशस्ति पत्र इत्यादि व्यवस्था सम्बन्धी दायित्व सौंपते हुए आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं विभागीय उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन हेतु सम्मानित किये जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आर. के. खुंटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ : कटारिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देते केन्द्रीय नोडल अधिकारी अमित कटारिया।

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभाग शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की न केवल जानकारी दे रहे है बल्कि पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर मौके पर ही उन्हें योजनाओं का लाभ देने प्रक्रिया पूरी कर रहे है।

इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा जिले के लिए नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस अमित कटारिया बुधवार 3 जनवरी को सक्ती जिले के दौरे पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद पंचायत सक्ती के गढ़गोढ़ी में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए तभी विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सफल होगा। उन्होंने शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले सभी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को योजना का लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया के बारे में आमजन को विस्तार से जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक श्री एम आर आहिरे सहित सभी विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस श्री अमित कटारिया ने ग्राम पंचायत गढ़गोढ़ी में आयोजित शिविर का जायजा लेते हुवे स्वास्थ्य, कृषि, जल जीवन मिशन, महिला बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की तथा गांव में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर उपस्थित लोगों को उन्होंने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करेंगे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं से जुड़े प्रमाण-पत्र, सामग्री व सहायता राशि का चेक वितरित किए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, सक्ती जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर, विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, एसडीएम सक्ति पंकज डाहिरे, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रीति पवार सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अग्रवाल सेवा समिति का चुनाव, 30 मतों के अंतर से मोदी बने अध्यक्ष



विजयी होने पर बधाई देते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

अग्रवाल सेवा समिति बाराद्वार के अध्यक्ष का चुनाव आज नगर के अग्रसेन भवन में आयोजित हुआ। अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष पद हेतु तीन आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें पवन मोदी,नटवर अग्रवाल तथा गौरीशंकर अग्रवाल ने दावेदारी की थी।

अग्रवाल सेवा समिति बाराद्वार में कुल 423 मतदाता हैं आज सम्पन्न हुए चुनाव में 384 मत पड़े जिसमें पवन मोदी को 158, नटवर अग्रवाल को 128 तथा गौरीशंकर अग्रवाल को 95 मत प्राप्त हुए जबकि 03 मत रिजेक्ट धोषित हुए इस प्रकार अग्रवाल सेवा समिति बाराद्वार के अध्यक्ष पद पर पवन मोदी ने अपने प्रतिद्वंद्वी नटवर अग्रवाल को 30 मतों से हराकर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। पवन मोदी के विजय होने पर रमेश सिंघानिया, मोहन तोदी,ध्रुव अग्रवाल, सुभाष सांवड़िया, अशोक सिंघानिया, कैलाश बंसल, शशिकांत सांवड़िया, अशोक सांवड़िया, रमेश सांवड़िया,विजय सांवड़िया, अनूप जिंदल सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी।

# संकल्प शिविर के माध्यम से लोगों को दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़




**खास बात**

- पामगढ़ में किया गया संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज पामगढ़ में आयोजित शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से संबंधित लाभ दिया जा रहा है।

शिविर में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा देश को विकसित करने के लिए जो कार्य किये जा रहे हैं, उनके संबंध में जानकारी दी गई साथ ही आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य लाभ, गरीबों को पक्का मकान, महिलाओं को उज्ज्वला योजना से धुँआ मुक्त रसोई गैस का लाभ गरीबों को मुफ्त राशन की सुविधा, घर-घर तक नल जल योजना का लाभ आदि के संबंध में लाभान्वित करने की बात कहीं। शिविर में स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। आज के शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, संतोष लहरे भाजपा प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष व्यास वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार तंबोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती बुनकर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक, सरपंच तेरस राम यादव, दिनेश थवाईत, सुखसागर ओगरे, सोनू गांधी, ओम प्रकाश राठौर, बसंत यादव, शरद शर्मा, अशोक ठाकुर, तेरस टंडन, लकेश यादव, शकुन साहू, दिनेश यादव, प्यारेलाल सहित अधिकारी कर्मचारी ग्रामवासी उपस्थित थे।

# व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत इंटर्नशिप में भाग ले रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र छात्राएं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री शिव प्रसाद द्विवेदी व्यावसायिक प्रशिक्षक शालिनी सोनवानी( हेल्थ केयर) के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हसौद (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद) में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

प्रशिक्षण, विद्यार्थी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य पूर्ण करते हैं। तथा आसपास के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इंटर्नशिप ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से अस्पताल में मिलने वाले सुविधाओं को अस्पताल के कार्यप्रणाली, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, मरहम पट्टी करना, सुई लगाना, एचआईवी टेस्ट, ब्लड टेस्ट, ब्लड ग्रुप टेस्ट और अन्य स्वास्थ्य संबंधित अनेक जानकारी प्राप्त करते हैं। उक्त कड़ी में विद्यार्थियों को सीखने सिखाए जाने में अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री दामिनी चंद्रा एवं उनके टीम का पूर्ण सहयोग समर्थन रहा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर हसौद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अलावा प्रशिक्षण, विद्यार्थी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य पूर्ण करते हैं।

# भजन मेला की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोघरी



संकल्प शिविर में लोगों को जानकारी देते अतिथि।

ग्राम पंचायत बरभांठा के आश्रित ग्राम कुरदी में रामनामी बड़े भजन मेला महासभा का आयोजन स्थल का जायजा लेने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक पहुंचे।

ज्ञात हो कि सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, निर्मल सिन्हा,लोकेश साहू, बरभांठा सरपंच धरमलाल चंद्रा , नावापारा सरपंच प्रतिनिधि रामचरण जाटवर के द्वारा स्थल का निरीक्षण कराकर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन हेतु हेलीपैड एवं पंडाल स्थल आदि को दिखाया गया। रामनामी बड़े भजन मेला का आयोजन 21 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुखिया विष्णु देवसाय मुख्यमंत्री का आगमन होगा। इसी के तारतम्य में जिले भर से अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया।

# बच्चों में सृजनात्मक क्षमता के लिए कबाड़ से जुगाड़ उपयुक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा के निर्देशानुसार बीआरसी बम्हनीडीह में विकास खंड स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ एफ एल एन एवं टी एल एम प्रतियोगिता व मेला का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी एम डी दीवान, एपीसी एच आर जायसवाल एवं एच के बेहार के आतिथ्य में हुआ। अतिथियो का मुरारीलाल थवाईत, धरमदास माकनिपुरी ने पुष्पमाला पुष्पगुच्छ तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर एम डी दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि टी एल एम से बच्चो को स्मार्ट बनाने का शसक्त माध्यम हैं। बच्चों में सृजनात्मक क्षमता का विकास करने हेतु कबाड़ से जुगाड़ एक उपयुक्त माध्यम है शून्य निवेश पर अनुपयोगी वस्तु द्वारा शिक्षण अधिगम साम्रगी तैयार करने से नवाचारी गतिविधियों का विकास होता है। एपीसी एच आर जायसवाल व बीआरसी बम्हनीडीह एच के बेहार ने कहा कि बच्चों को खेल खेल में आविष्कार करने की शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष कबाड़ में जुगाड़ शालाओं संकुलों व विकास खंडों में मेला प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। निर्णायक समिति शैलेष दुबे, गोपेश्वर कहरा, विवेक लोधी, निशांत सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो, मैडल से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक बम्हनीडीह आयुष सिंह चंदेल के द्वारा प्रथम द्वितीय स्थान आने वाले शालाओं को क्रिकेट सामग्री प्रदान किया गया।

## अब किसान स्कूल में मिलेगा खुमरी, धूप से बचने करते है उपयोग

# किसान स्कूल पहुंची कलेक्टर, विलुप्त चीजों को सहेजने ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



खुमरी पहनाकर कलेक्टर का स्वागत करती समूह की महिलाएं।

यदि आप खुमरी पहने के शौक़ीन हैं। तो आपको कहीं भटकने की बिल्कुल ही जरुरत नहीं है। आपको सहज ही जिला मुख्यालय से महज 17 किलोमीटर दूर स्थित चांपा सिवनी से लगे एक छोटा सा गाँव बहेराडीह उर्फ भदरीपाली जहाँ विलुप्त चीजों को सहेजने का काम कर रहे किसान स्कूल में अब लोगों को सिर्फ साढ़े पांच सौ रूपये खुमरी आसानी से मिलेगा।

इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि बड़े से बड़े कार्यक्रमों में अतिथियों के स्वागत के लिए आयोजन कर्ता खुमरी मार्केट में खोजते हैं। मगर कहीं नहीं मिलता। ऐसे में किसान स्कूल के संग्रहालय में रखें खुमरी को देख लोग खरीदना चाहते हैं। मगर संग्रहालय के सामान को बिक्रय नहीं किया जाता। खुमरी की मांग देखते हुए किसान स्कूल की टीम ने खुमरी पर्याप्त मात्रा में बनाना शुरू किया है। जिसे शौक़ीन लोग साढ़े पांच सौ रूपये में खरीद रहे हैं। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि बड़े से बड़े कार्यक्रमों में अतिथियों के स्वागत के लिए आयोजन कर्ता खुमरी मार्केट में खोजते हैं। खुमरी की मांग देखते हुए किसान स्कूल की टीम ने खुमरी पर्याप्त मात्रा में बनाना शुरू कर दिया है।

### क्या है खुमरी..

खुमरी पुराने जमाने का एक प्रकार की टोपी ही है। जो टोपी से बड़ा साइज का होता है। यह नरम देशी और कच्चा बांस से बनाई जाती है। पानी या धूप से सिर को बचाने के लिए सराई पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। संचालक ने बताया कि जब किसान स्कूल की लोकार्पण किया गया। तो अतिथियों को किसान स्कूल की टीम ने फूल, गुलदस्ता की जगह पर खुमरी पहनाकर स्वागत किया था। हमारे देश में शौक़ीन लोगों की कमी नहीं है। पुराने जमाने में किसानों द्वारा बारिश और धूप से सिर को बचाने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले खुमरी आज विलुप्त हो गई है। मगर शौक़ीन लोगों को आज भी खुमरी बहुत पसंद आती है। किसान स्कूल परिसर में फोटोग्राफी के लिये एक सेल्फी जोन बनाई गई है। जहाँ लोग सिर में खुमरी पहनकर फोटो लेते हैं।

